भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4923

जिसका उत्तर मंगलवार, 23 जुलाई, 2019/01 श्रावण, 1941 (शक) को दिया जाना है।

प्रयागराज में इफको

4923. श्रीमती केशरी देवी पटेलः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान प्रयागराज जिले में इफको, फूलपूर के लिए कितना बजटीय आवंटन किया गया है;

(ख) क्या इस संबंध में कोई अनियमितताएं पाई गई हैं और यदि हां, तो इस पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रयागराज जिले में इफको, फूलपूर का उत्पादन बढ़ाने हेतु कोई प्रस्ताव है;

(घ) उक्त इकाई में कर्मचारियों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है और उनमें से स्थायी कर्मचारियों और अस्थायी कर्मचारियों की संख्या कितनी है;

(ङ) उक्त अवधि के दौरान कितने स्थायी और अस्थायी कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है; और

(च) उपर्युक्त अवधि के दौरान प्रयागराज जिले में इफको, फूलपूर द्वारा सामाजिक कार्यों पर व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्री

(डी.वी. सदानंद गौड़ा)

(क) और (ख): जी नहीं। पिछले पांच वर्ष के दौरान इंडियन फार्मर्स फर्टिलाईजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको), फूलपुर को कोई बजट आवंटन नहीं किया गया है।

(ग): फिलहाल इफको, फूलपुर का उत्पादन बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ): 15.07.2019 की स्थिति के अनुसार इफको, फूलपुर में स्थायी और अस्थायी कर्मचारियों का ब्यौरा निम्नवत है:-

विवरण	**कर्मचारियों की संख्या**
स्थायी	665
अस्थायी	22
कुल	**687**

(ड.): वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक की अवधि के दौरान नियुक्त किए गए स्थायी और अस्थायी कर्मचारियों का ब्यौरा निम्नवत है:-

वर्ष	**स्थायी**	**अस्थायी**
2014-15	7	0
2015-16	4	2
2016-17	0	0
2017-18	4	9
2018-19	15	6

(च): वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक की अवधि के दौरान इफको, फूलपुर द्वारा सामाजिक कार्य पर व्यय की गई राशि का ब्यौरा निम्नवत है:-

वर्ष	**व्यय की गई राशि (लाख में)**
2014-15	386
2015-16	376
2016-17	438
2017-18	491
2018-19	464

****